my city
अमर उजाला


सूर्योदय सुबह 5:31
सूर्यास्त शाम 7:23
स्थानीय समयानुसार

39.8°
temperature
29.4°

अगले 7 दिनों का पूर्वानुमान देखें-
amarujala.com/weather

हिसार | वीरवार | 29.05.2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, तृतीया, विक्रम संवत 2082
amarujala.com/sirsa

सिरसा






**मेरी आवाज सुनो...**

कहीं पीने का पानी नहीं मिल रहा है तो कहीं सीवरेज की समस्या है। कहीं सड़क पर जाम से चलना दूभर तो कहीं सड़क की हालत खराब। बिजली परेशान कर रही है या नहर सूखी है। स्कूल छतविहीन है या पढ़ाने वाले ही नहीं हैं। अस्पताल बेहाल है.... ऐसी अनेक सामुदायिक समस्याओं पर आपकी आवाज अनसुनी रह जाती है तो अमर उजाला बनेगा आपकी बुलंद आवाज। आप हमें मेल से लिख भेजें ताकि अमर उजाला के माध्यम से वह समस्या अधिकारियों तक पहुंच सके।

मेल आईडी-
hsr-dakincharge@hsr.amarujala.com

**सिरसा मंडी (प्रति क्विंटल)**

| | |
|---|---|
| नरमा | 7861 रुपये |
| कपास | 6800 रुपये |
| जौ | 2150 रुपये |
| चना | 5231 रुपये |
| सरसों | 6388 रुपये |

**पेट्रोल-डीजल के भाव**

पेट्रोल • 96.30 रुपये
डीजल • 88.91 रुपये
(भाव आज सुबह 6 बजे से कल सुबह 6 बजे तक)

# नगर परिषद के नए कार्यालय के प्लान को मिली मंजूरी, डीपीआर होगी तैयार


## दो चरणों में पूरा होगा निर्माण कार्य, पहले चरण में प्रथम मंजिल तक बनेगा भवन

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिरसा।** नगर परिषद ने अब अपने नए कार्यालय के लिए प्लान फाइनल कर दिया है। मुख्यालय स्तर पर निदेशक ने नगर परिषद कार्यालय का नक्शे को पास किया है, ताकि बार-बार नक्शे को बदलने की जरूरत न पड़े। नक्शे के प्रथम चरण में कंसेप्ट प्लान पास होने के बाद अब डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाई जाएगी।

उम्मीद जताई जा रही है कि प्रथम मंजिल तक बनाए जाने वाले इस कार्यालय पर 16 करोड़ से 20 करोड़ की लागत आएगी। गौरतलब है कि नगर परिषद की ओर से कचहरी रोड स्थित पुराने कार्यालय को तोड़कर नया भवन बनाया जाएगा। नए बनाए जाने वाला भवन को दो हिस्सों में बनाया जाएगा।

पहले चरण में प्रथम मंजिल तक बनाई जाएगी। उसके बाद भविष्य के अनुरूप प्रावधान रखा जाएगा। क्योंकि समय के अनुसार नगर परिषद का विस्तार होगा तो उस कर्मचारी बढ़ेंगे। इसी अनुरूप पूरे प्रोजेक्ट को बनाया जाएगा।


नगर परिषद का पुराना कार्यालय। संवाद

### नगर परिषद में काबिज दुकानदारों को हटाना बनेगा चुनौती

नगर परिषद के पुराने भवन में सालों से नोटरी व अन्य दुकानदार लंबे समय से काबिज हैं। नया भवन बनने से पहले इन दुकानों को हटाना नगर परिषद के लिए चैलेंज रहेगा। निर्माण कार्य से पहले पुराने भवन को गिराना पड़ेगा। क्योंकि पूर्व में इन्हें हटाने की कोशिश की गई थी तो राजनीतिक दबाव के चलते काम ठंडे बस्ते में डाल दिया।

### सरकारी स्कूल के पुराने भवन में चल रहा कार्यालय

दरअसल, नगर परिषद सिरसा के पास अपना खुद का भवन नहीं है। इसलिए मोहता मार्केट के पास खाली बंद पड़े सरकारी स्कूल के भवन में नगर परिषद का कार्यालय चल रहा है और मार्केट की गलियां तंग है। जिस भवन में कार्यालय है, उसमें भी जगह का अभाव है।

### कुछ इस प्रकार बनेगा कार्यालय

- सेमी बेसमेंट पार्किंग बनाई जाएगी।
- ग्राउंड फ्लोर पर कार्यालय होगा।
- प्रथम मंजिल पर कार्यालय होगा।

“ नगर परिषद कार्यालय की डीपीआर अब काम किया जाएगा। लंबे समय से नगर परिषद के कार्यालय का प्रोजेक्ट धीमी गति से चल रहा था। इसमें तेजी लाई जाएगी। दो चरणों के अनुरूप प्रोजेक्ट को बनाया जाएगा। एक मौजूदा समय के लिए और एक भविष्य के अनुरूप। - **विजय कुमार, एक्सईएन, नगर परिषद**






# दोगुने करने के नाम पर 3 लाख हड़पने वाले गिरोह का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

फॉलोअप

**सिरसा।** पैसे डबल करने के नाम पर पंजाब के व्यक्ति से तीन लाख रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने आरोपी सोमबीर निवासी रतनपुर जिला हनुमानगढ़ को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सोमबीर ने बताया है कि वह रंग-रोगन का मिस्त्री है। पैसे डबल करने वाले गिरोह का सरगना सिरसा निवासी भूरा है।

भूरा से उसकी मुलाकात एक साल पहले गोगामेड़ी मेले में हुई थी। जांच अधिकारी पूनम चंद ने बताया कि अभी तक की जांच में पता चला है कि भूरा के खिलाफ एक साल पहले सिविल लाइन थाना सिरसा में केस दर्ज हुआ था। यह गिरोह पैसे डबल करने के नाम पर लोगों को ठगता है। ये ठग नकली नोटों की गड्डी बनाकर इसके ऊपर व नीचे असली नोट लगाकर देते हैं।

आरोपी सोमबीर को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपी की निशानदेही पर ठगी की राशि बरामद की जाएगी। इसके अलावा भूरा व अन्य साथियों के पते ठिकाने मालूम कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस को दी शिकायत में तनमेय निवासी एकता कॉलोनी जिला बठिंडा ने बताया कि उसकी बठिंडा बस स्टैंड पर तनमेय मोबाइल केयर नाम से दुकान है। उसकी दोस्ती लभा निवासी गुरुसर सेनिवाला बठिंडा से है। लभा ने उसे बताया कि सोमबीर निवासी रतनुपरा जिला हनुमानगढ़ पैसे डबल करने का काम करता है। इसके बाद 25 मई को तनमेय ने सोमबीर से व्हाट्सएप कॉल पर संपर्क किया। सोमबीर ने उसे बताया कि उसका बॉस सतनाम चौक सिरसा निवासी भूरा है। उसी के माध्यम से पैसे डबल करवाए जा सकते हैं।

भूरा से मुलाकात के लिए सोमबीर ने तनमेय को डेरा सच्चा सौदा के गेट नंबर 10 के पास बुलाया। तनमेय ने तीन लाख रुपये लेकर अपने दोस्त रमनदीप सिंह के साथ 10 नंबर गेट के पास पहुंच गया। यहां सोमबीर से उसकी मुलाकात हुई।

### दो लोग पुलिस की वर्दी में थे

यहां पर एक बिना नंबर की एक गाड़ी खड़ी थी। इसमें दो व्यक्ति बैठे थे। सोमबीर ने भूरा नाम के शख्स को पुकारा। इसके बाद तनमेय ने भूरा को तीन लाख रुपये दे दिए। भूरा ने भरोसा दिलाया कि कुछ समय में एक इनोवा गाड़ी आएगी, जो तुम्हें 6 लाख रुपये दे देगी। कुछ ही देर में यहां पर एक इनोवा गाड़ी आई। इसमें तनमेय व सोमबीर बैठ गया। तनमेय का कहना है कि इनोवा गाड़ी में चार लोग पहले से बैठे थे। इनमें से दो ने पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी और दो सादे कपड़ों में थे। उक्त लोग उसे फूलकां के पास उतार कर भाग गए।

### नकली नोटों की गड्डी में ऊपर व नीचे असली नोट लगाकर ठगता है गिरोह

# दोस्त के घर जा रहे युवक पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

संवाद न्यूज एजेंसी

**रोड़ी।** रोड़ी में देर रात दोस्त के साथ उसके घर जा रहे युवक पर तेजधार हथियारों ने कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इसमें सतनाम सिंह (26) गंभीर रूप घायल हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, रोड़ी थाना पुलिस ने घायल के बयानों के आधार पर 7-8 लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


घायल सतनाम।

पुलिस को दिए बयान में रोड़ी की मिलखी पती वार्ड 8 निवासी सतनाम सिंह ने बताया कि वह डीजे का काम करता है। 26 मई की रात करीबन साढ़े 9 बजे वह अपने दोस्त रोड़ी निवासी हरपाल सिंह के साथ उसके घर जा रहा था।

जैसे ही वे दोनों रोड़ी स्थित अनुसूचित जाती चौपाल के पास गली में पहुंचे तो वहां पर रोड़ी निवासी काका सिंह उर्फ पिंडी अपने मकान के बाहर गली में मनजीत सिंह उर्फ काना, रणजीत सिंह उर्फ मनी, कुलजीत सिंह, अर्शदीप सिंह उर्फ अरसी, बंस व गुरदीप सिंह उर्फ गौरी के साथ खड़ा था। सभी ने हाथों में तेजधार हथियार लिए हुए थे।

### ग्रामीण के घर में घुसकर बचाई जान, पुलिस ने दर्ज किया केस

जैसे वे दोनों उनके करीब पहुंचे तो मनजीत सिंह ने तलवार से उस पर हमला कर दिया। बचाव के दौरान तलवार उसके दाहिने हाथ में लगी। तभी रणजीत उर्फ मनी ने लोहे के कापे से उसके सिर के ऊपर हमला किया तो उसने अपना बायां हाथ आगे कर दिया। इससे हाथ पर कापा लगा। सभी ने उस पर तेजधार हथियारों से हमला किया तो वह किसी तरह से वहां से भागने लगा।

किसी तरह से जान बचाकर रोड़ी निवासी मांगेराम की परचून की दुकान में घुस गया और दुकान से उसके मकान में चला गया। सभी हमलावर हथियारों सहित मांगे राम के घर में घुस गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग भागकर आए तो हथियारबंद लोग वहां से चले गए। इसके बाद लोगों ने उसके पिता गुरतेज सिंह व भाई सतपाल सिंह को सूचित किया।

दोनों ने उसे निजी अस्पताल सिरसा लेकर आए, जहां पर उसका उपचार चल रहा है। रोड़ी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जनक सिंह ने बताया कि इनकी कोई पुरानी रंजिश बताई जा रही है, जिसके चलते यह लड़ाई हुई है।

# फतेहाबाद में तैनात एसपीओ की मौत, समीप पड़ा मिला कीटनाशक

**ओढां।** हरियाणा पुलिस में तैनात गांव रोहिड़ांवाली निवासी एसपीओ (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) मांगेराम (40) का शव बुधवार सुबह रोहिड़ांवाली में मम्मड़खेड़ा ब्रांच के किनारे बरामद हुआ। शव के पास कीटनाशक की शीशी पड़ी हुई थी। परिजन इस मौत को आत्महत्या मान रहे हैं।


एसपीओ मांगेराम
फाइल फोटो

पुलिस ने मृतक की पत्नी नीतू का बयान दर्ज कर इत्फाकिया कार्रवाई की है। एसपीओ के मरने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची ओढां पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। मांगेराम 20 मई से अपनी ड्यूटी से गैरहाजिर चल रहे थे। वे फतेहाबाद सिटी थाना में एसपीओ के पद पर तैनात थे। उनकी पत्नी ने पुलिस को बताया कि वे सुबह घर से निकले थे।

दोपहर में सूचना मिली कि उन्होंने कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। मामले को घरेलू कलह से जोड़कर भी देखा जा रहा है। माता की मौत के बादवह अपने पिता का इकलौता सहारा था।

बताया जा रहा है कि मांगेराम सुबह घर से निकल गए थे। उनको कुछ लोगों ने मम्मड़खेड़ा ब्रांच की पटरी पर बैठे देखा था। इसके बाद मोटरसाइकिल पर सवार गांव के ही दो युवक वहां से गुजरे तो उन्होंने उनको बेहोश देखा। युवकों ने इसकी सूचना मांगेराम के परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और उसे ओढां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले आए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मृतक की पत्नी नीतू का बयान दर्ज कर इत्फाकिया कार्रवाई की है। संवाद

# संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग व्यक्ति की मौत

**सिरसा।** गांव भादड़ा में बुजुर्ग बलबीर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम बुधवार को नागरिक अस्पताल में किया गया। गांव भादड़ा निवासी बलवीर (61) की मंगलवार रात को अचानक तबीयत बिगड़ गई।

इसके बाद घरवालों ने उन्हें नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर रोड़ी थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस का कहना कि इस मामले में इत्तफाकिया मौत की कार्रवाई की गई है। संवाद

# फायरिंग मामले में 11 पर मामला दर्ज

**ओढां।** गांव किंगरे में दो गाड़ियों में सवार लोगों की ओर से फायरिंग करने व एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने घायल के बयान पर 10-11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस को दिए बयान में गुरसेवक सिंह निवासी गांव किंगरे ने बताया कि 27 मई को वह दुकान से सामान लेकर वापस घर आ रहा था। इसी दौरान दो गाड़ियों में सवार कुछ लोगों ने उसे घेरकर मारपीट करते हुए फायर किए। फिर सभी आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर वापस गाड़ियों में सवार हो कर मौके से फरार हो गए।

इस मारपीट में उसे काफी चोटें आई, जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। गुरसेवक ने बताया कि इस वारदात में गांव के ही गुरदीप सिंह उर्फ गीटा, गगनदीप उर्फ गग्गी, मंजीत उर्फ पप्पा, हुसनप्रीत उर्फ हुसना, आकाशदीप उर्फ काशु, गुरप्रीत उर्फ गोपी व गुरप्रीत उर्फ गोरा और 3-4 लोग शामिल थे। संवाद

# सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत

**डबवाली।** गांव खुईयामलकाना के ट्रैक्टर चालक की बठिंडा जिले के गांव पथराला के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। वहीं सहायक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

वहीं शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सामान्य अस्पताल के शवगृह में रखवाया। जानकारी के अनुसार, पंजाब के गांव पथराला के पास भारत माला रोड पर मंगलवार सुबह 3 बजे एक सड़क हादसा हो गया। इस में खुइयां मलकाना के रहने वाले ट्रैक्टर चालक महेंद्र सिंह की मौके पर मौत हो गई, सहायक धीरा घायल हो गया।

तूड़ी बेचकर लौट रहे महेंद्र सिंह के ट्रैक्टर-ट्रॉली में तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। घायल को डबवाली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संगत थाना पुलिस ने मृतक के बेटे कुलदीप सिंह की शिकायत पर अज्ञात ट्रक ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। संवाद

**सुविधा** | तलाकशुदा लोगों का भी बन सकेगा अलग परिवार पहचान पत्र

# पीपीपी में परिवार जोड़ना व हटाना हुआ आसान

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिरसा।** परिवार पहचान पत्र में कमियों को दूर करने की प्रक्रिया जारी है। अब नए नियम के अनुसार, परिवार के लोगों की अलग-अलग आईडी को एक किया जा सकता है। परिवार पहचान पत्र में पति-पत्नी की अलग आईडी हो और पति की मौत हो जाए तो विधवा की आईडी को सास-ससुर की आईडी के साथ जोड़ा जा सकता है।

इसके अलावा भी कई तरह के विकल्प अब खुल चुके हैं, ताकि परिवार पहचान पत्र के लिए आवेदन करने वाले लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके और उनकी समस्या का जड़ से समाधान हो सके। गौरतलब है कि लोगों को आने वाली समस्याओं और परिवार पहचान पत्र को त्रुटियों रहित आईडी बनाने की प्रक्रिया में निरंतर कर्मचारी लगे हुए हैं। इस दिशा में मुख्यालय स्तर पर साइट को अपग्रेड समय समय पर किया जा रहा है।

मौजूदा समय में लोगों और अधिकारियों की मांग पर कई विकल्पों को आमजन के लिए खोला गया है। इससे कई तरह की समस्याओं को जड़ से खत्म किया जा सकेगा। अधिकारियों के अनुसार परिवार पहचान पत्र में अलग-अलग समस्याएं आ रहीं थी। अब इनके समाधान के लिए विकल्प खोले गए हैं।


सुविधा केंद्र में खड़े लोग। संवाद

### यह मिले हैं विकल्प

- विधवा को सास-ससुर के साथ जोड़ना।
- परिवार को आपस में मर्ज करना।
- अलग बनाई गई आईडी को एक करना।
- तलाकशुदा लोगों की अलग आईडी बनाना आदि।

### फ्रॉड भी आए हैं सामने

परिवार पहचान पत्र में इनकम के लिए कई तरह के फ्रॉड अधिकारियों के सामने आए हैं। विदेश जाने के इच्छुक लोगों की ओर से इस तरह के खेल किए जा रहे हैं। इसमें परिवार पहचान पत्र में आय पहले विदेश जाने के नियमों के अनुरूप बढ़वा ली जाती है। इसके बाद अपने बेटे या बेटी को विदेश भेजने के बाद आवेदन किया जाता है कि आईडी में गलत इनकम का डाटा अपडेट कर दिया गया है। उसे दुरुस्त करवाया जाए। इसकी पोल तब खुली जब ऐसा मामला विभाग के एक कर्मचारी के समक्ष आया और कर्मचारी ने पहले की फोन कॉल रिकॉर्ड करने की सूझबूझ ने मामले की सच्चाई सामने ला दी। इसके बाद इस तरह के मामलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

“ परिवार पहचान पत्र में अलग -अलग तरह की समस्याएं आ रही थी। इन समस्याओं को दूर करने के लिए कई नए विकल्प खुल गए हैं। इससे परिवार पहचान पत्र के लिए आवेदन करने वालों को फायदा होगा। - **रविंद्र कुमार, इंचार्ज, परिवार पहचान पत्र**




नया शोरूम : तनिष्क, बस स्टैंड के पास, हिसार रोड, सिरसा, फोन: 86077-80000

